दिनांक 5 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

झील्ली, पन्नी एकत्र कर गुजारा करने वाली संजय नगर की कुछ महिलाओं के पास नहीं था राशन, निगम ने पहुंचाई मदद

भिलाई नगर/ निगम भिलाई के क्षेत्र में आने वाले संजय नगर कुम्हारपारा के निवासी कुछ महिलाओं के पास राशन नहीं होने की जानकारी प्राप्त होने पर निगम के अधिकारी/कर्मचारी अजय शुक्ला , दिनेश बेलचंदन, राजेश पालवे ने उन्हें सूखा राशन जिसमें चावल , दाल, रिफाइंड तेल, हाथ धोने के लिए साबुन आदि प्रदाय किया! यह तीन महिलाएं सड़क किनारे झील्ली, पन्नी को एकत्र कर अपना गुजर-बसर करती है परंतु वर्तमान में पैसे नहीं होने के कारण तथा घर पर राशन उपलब्ध नहीं होने से समस्या हो रही थी जिसकी सूचना मिलने पर निगम के अधिकारी/कर्मचारी ने बिना देरी किए उनके घरों मे पहुंचकर राशन सामग्री प्रदान किया! कुछ मजदूर जो आवास योजना के तहत निर्माण कार्य में संलग्न होकर खमरिया-जुनवानी मे अस्थाई रूप से निवास कर रहे हैं उन्हें भोजन की समस्या हो रही थी जिस पर निगम प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए उनके लिए सूखा राशन की व्यवस्था कराई है! यह लोग लगभग 160 की संख्या में है! कोविड-19 कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए 24 मार्च की रात 12:00 बजे से 21 दिनों के लिए केंद्र सरकार द्वारा लॉक डाउन की घोषणा की गई है! रोज काम करके आय अर्जित करने वाले लोगों के सामने रोजी-रोटी की समस्या होने पर ऐसे गरीब, भूखे, असहाय जरूरतमंदों के लिए राशन सामग्री देने का कार्य कुछ दानदाताओं एवं समाजसेवीयो के द्वारा किया जा रहा है!

जनसंपर्क अधिकारी